# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 12.09.2026**

- **थाना अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मोटर साइकिल चोरी करने वाले 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 04 चोरी की मोटर साइकिल व 01 मोटर साइकिल का चेसिस एवं 01 देशी तमंचा 315 बोर तथा 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर हुए बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनाँक 11/12.09.2026 की रात्रि में चेकिगं के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त आजम पुत्र हबीबुर्रहमान निवासी टण्डन बाजार अमरौधा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को 01 देशी तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ नबीपुर रोड पर झाड़ी बाबा मंदिर के पास से चोरी की एक मोटर साइकिल के साथ समय 01.35 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त आजम उपरोक्त की निशादेही पर 03 चोरी की मोटर साइकिल व 01 चोरी की मोटर साइकिल का चैसिस बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अकबरपुर पर मु0अ0सं0 379/2026 धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम बनाम आजम व इस्लाम उपरोक्त पंजीकृत किया गया। अभियुक्त इस्लाम उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर सार्थक प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त आजम उपरोक्त का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम पता-**

1. आजम उम्र करीब 33 वर्ष पुत्र हबीबुर्रहमान निवासी वार्ड नं0 09 टण्डन बाजार अमरौधा, थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।

**अभियुक्त पूछताछ-**अभियुक्त द्वारा बताया कि साहब हम तमंचा अपनी सुरक्षा के लिये रखते है। जो मोटर साइकिल बरामद हुई है वह सभी चोरी की हैं जिनको मैने व इस्लाम ने अनंतराज अस्पताल अकबरपुर के बाहर से व अन्य जगह से चोरी की थी और आज मैं और इस्लाम पहले से चोरी की हुयी अन्य 03 मोटरसाईकिलें व 01 चैसिंस बेचने के लिये,जो यहाँ से थोडे आगे नहर पटरी के पास झाड में छुपाकर गये थे, को वहां से उठाने आये थे, तभी आप लोगो को देख कर डर गये और भागने का प्रयास किया तब तक आपने मुझे पकड़ लिया और इस्लाम भागने में सफल रहा।

**गिरफ्तार अभियुक्त आजम का आपराधिक इतिहास–**

1. मु0अ0सं0 0757/2000 धारा 2/3 उ.प्र. गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 थाना कालपी जनपद जालौन।
2. मु0अ0सं0 0536/2009 धारा 379/411 भादवि0 थाना कालपी जनपद जालौन।
3. मु0अ0सं0 0523/2016 धारा 379 भादवि0 थाना कोतवाली कालपी जनपद जालौन।
4. मु0अ0सं0 0093/2023 धारा 379/411 भादवि0 थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन।
5. मु0अ0सं0 0068/2023 धारा 379/411/413 भादवि0 थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
6. मु0अ0सं0 0069/2023 धारा 25/3 आयुध अधिनियम, 1959 थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
7. मु0अ0सं0 379/2026 धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम थाना अकबरपुर कानपुर देहात

**बरामदगी-**

1. 04 चोरी की मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट।
2. 01 चोरी की मोटर साइकिल का चेसिस।
3. 01देशी तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर
4. जामा तलाशी से ₹310/-

**गिरफ्तार करने वाली थाना अकबरपुर पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री नर सिंह चौकी प्रभारी जैनपुर
2. उ0नि0 श्री शोभित कटियार चौकी प्रभारी बारा
3. का0 946 अनुराग बाजपेयी
4. का0 872 विनोद
5. का0 1306 अंकित शर्मा
6. चा0हे0का0 578 कमल सिंह